"विश्व में विस्तारवादी नहीं, बल्कि विकासवादी नीति होनी चाहिए।" लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली 15 अगस्त 2020: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास में ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया।

श्री बिरला ने देशवासियों को 74वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले वीर स्वतन्त्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए श्री बिरला ने कहा, "आज उन शहीदों को स्मरण करने का दिन है, जिनके त्याग और बलिदान से देश आजाद हुआ है । " उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें आशा है कि नए भारत के निर्माण के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ेगा और प्रगति करेगा तथा सभी क्षेत्रों में समावेशी विकास होगा । श्री बिरला ने विश्वास जताते हुए कहा कि, "सक्षम नेतृत्व और देशवासियों के संकल्प के साथ भारत प्रगति एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।"

प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के संबोधन के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने कहा, " प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशवासियों ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प किया है।" उन्होंने यह भी कहा कि आज आवश्यकता है आत्मनिर्भर भारत की और हमारा देश इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भारत से अधिकाधिक निर्यात होगा ।

श्री बिरला ने स्पष्ट किया कि भारत अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है। विस्तारवाद का विरोध करते हुए उन्होंने कहा, "विश्व में विस्तारवादी नहीं, बल्कि विकासवादी नीति होनी चाहिए।"